तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025


12 देवरीक में महिला सशक्तिकरण व सम्मान समारोह ...



10 अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल इनवेलिडेट ...





## खबर संक्षेप

### गोवर्धन पूजा पर मारपीट परिवारिक विवाद का अंजाम

**बालोद**। परिवारिक विवाद के कारण एक व्यक्ति ने गोवर्धन पर्व मना कर आ रहे व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट लिखाई है। ग्राम रौना निवासी सुखीत यादव ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर के शाम को अपने परिवार चाचा योगेश यादव, भाई गजानंद यादव, विजय यादव, सोनू यादव, पिता रामनाथ यादव एवं अन्य परिवार वालो के साथ घर से गोवर्धन पूजा के लिए गांव के साहड़ा देव मंदिर जाने के लिए निकले थे, शाम करीबन 05 बजे परिवार के चाचा चेतन यादव आया और बोला कि मना करने के बाद भी तुम लोग मेरे घर में देवी देवता पूजा पाठ करने आते हो कहकर गाली गलौज देकर धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे लकड़ी के डण्डा से अचानक मेरे सिर के पीछे मार दिया।

### फटाका जलाने से हुई बहस, विरोध करने पर युवक पर हमला

**बालोद**। घर मे छोटी बच्ची होने के कारण पड़ोसी को घर से दूर जाकर फटाका फोड़ने की बात करने पर पड़ोसी ने दूर से फटाका जलाकर घर की ओर फेंक दिया तथा मना करने वाले युवक से मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भोथली निवासी खिलेन्द्र कुमार निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि मेरे 04 माह की बेटी गीतांजली है, 22 अक्टूबर को रात्रि करीबन 8 बजे हमारे घर के बगल में ग्राम भोथली निवासी दीनू राम निषाद फटाका फोड रहे थे, जिसे मैने कहा कि मेरी 4 माह की बेटी है जो फटाका के आवाज से डर रही है, दुसरे जगह जाकर फटाका जलाओ कहने पर उसने कुछ दूर जाकर फटाका जलाकर हमारे घर तरफ फेंक दिया। जिसे ऐसा क्यो किये कहने पर मुझे गाली गलौज कर धक्का मुक्की एवं हाथ मुक्का से मारपीट कर मेरे गले को पकड लिया।

### गांव में झगड़ा रोकने गए युवक पर हमला

**बालोद**। गांव मे हो रहे लड़ाई झगड़ा को छुड़ाने गए व्यक्ति के उपर गांव के दो लोगो ने हमला करते हुए मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित ने दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम आलीवारा थाना देवरी जिला बालोद निवासी लोमेश ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को गांव में दीपावली पर्व होने से गोवर्धन पूजा देखने दुर्गा मंच के पास गया था, शाम करीबन 06:50 बजे दुर्गा मंच के पास विवाद हो रहा था, जिसे मैं मना किया तो मेरे मना करने की बात को लेकर गांव के धनराज यादव 22 वर्ष, भोजराम यादव ने मिलकर गालिया देकर हांथ मुक्का से मारपीट कर दिया। घटना को देखकर गांव के अजय चुरेन्द्र ने बीच बचाव किया।







## पर्व : मातर उत्सव में अखाड़े का शानदार प्रदर्शन

# चिंगरी में धूमधाम से मनाया मातर उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी जिला दुर्ग में मातर उत्सव धूमधाम से मनाया गया। भागवत यदु ने बताया कि मातर के दिन सुबह 10:00 बजे गांव के हर गली में गाड़ा बाजा के साथ नाचते गाते गौठान में जाकर गौ माता की पूजा अर्चना करके मातर उत्सव मनाया गया।

मातर उत्सव में श्रवण धीवर व यशवंत धीवर ने अखाड़ा, मड़ई का प्रदर्शन भी किया। यहां मातर उत्सव देखने आस पास के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। यहां सब लोगों ने एक साथ मिलकर मातर उत्सव का आनंद उठाया। कुम्हड़ा, तुमा की खिचड़ी बनाकर महाप्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर



क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव ने कहा कि सभी ग्रामवासियों को दीपावली भाई दूज, मातर उत्सव का हार्दिक बंधाई व शुभकामनायें दी। और कहा कि ऐसी हर साल शांत पूर्वक हर त्यौहार को मनाना चाहिए ताकि गांव का नाम रोशन होगा। इस अवसर पर गावं के सरपंच पुष्पा वाघमारे ने कहा कि हमारे चिंगरी गांव में मातर उत्सव को बहुत ही शांति पूर्वक मनाया गया। सभी यदु व यादव परिवार व समस्त ग्रामवासी चिंगरी को बंधाई व शुभकामनायें दी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य बेला यादव, ग्राम पंचायत चिंगरी के सरपंच पुष्पा वाघमारे एव समस्त ठेठवार व यादव परिवार लक्ष्मण यादव,चेतन यादव, बंशीलाल यदु, गजानंद यदु, संतोष यदु, जहरीत यदु, रोहित यादव, चैतराम, रामकुमार, ओमप्रकाश, संतोष, मयाराम यदु, दयाराम, अरुण, देवेन्द्र यदु, लोरीक यदु, पीयूष यदु सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## गोवर्धन पूजा के दौरान जमीन विवाद से बढ़ा परिवार में तनाव, महिला पर हुआ हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गोवर्धन पूजा के अवसर पर अपने बच्चो के साथ घर पहुंचे दंपत्ति के साथ जमीन की बात को लेकर परिजनों ने मारपीट कर दी गई। जिसके बाद महिला द्वारा अपने जेठ के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है।

- पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर शुरू की जांच

राजनांदगांव रामनगर मोतीपुर निवासी संध्या देवांगन ने पुलिस को बताया कि ग्राम लासाटोला मेरा मुल घर है, 22 अक्टूबर के रात्रि 10.30 बजे की बात है। मैं अपने पति योगेंद्र देवांगन और दोनो बच्चे तारणी देवांगन व पीयूष देवांगन के सांथ गोवर्धन पूजा मनाने घर आये थे, उसी समय मेरा ससुर अमृत लाल देवांगन और जेठ मिलेंद्र कुमार देवांगन के साथ बुआ सास और ससुर के बीच हुए जमीन के फैसला की बात को लेकर मेरा पति के साथ वाद विवाद कर रहे थे। मैं वही पर खडी थी। मैं अपने पति को बोली रहने दो हमे क्या करना है, इतने में मेरा जेठ, मेरे पति को गाली गलौज करते हुए बार–बार जान से मार दूंगा बोलकर धमकी दे रहा था और मुझे तुम क्यों नही बोल रही हो बोलकर बार–बार धमका रहा था, मैं जेठ से बोली कि तुम लोगो के बीच में मुझे नही बोलना है, इतने बात को लेकर मेरे जेठ ने मेरे पति को डण्डा से मारने का प्रयास किया, जिसे मैं बीच बचाव करने गई तो मुझे भी गाली गलौज कर मेरे जेठ ने मुझे सिर पर डण्डा से मारा है। मैं गिर पड़ी तो प्लास्टिक के खुसऍ से भी मारा है। घटना मे मैं बेहोश हो गई थी।

## पुलगांव में गौरी-गौरा की धूमधाम से निकली शोभायात्रा



**अंडा**। पुलगांव में प्रतिवर्ष की भांति दिवाली के दूसरे दिन बड़ी धूमधाम से गौरी गौरा की शोभा यात्रा निकाली गई ! सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मीकांत दुबे ने बतलाया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी ईशर राजा गौरी गौरा समिति के तत्वाधान एवं वार्ड वासियों के सहयोग से गौरी गौरा के जयकारे एवं ढोल नगाड़े के बीच शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर गोंडवाना समाज की महिलाये मंगल गीत गति नजर आई एवं समाज की युवाओं ने रंग-बिरंगे परिधान पहनकर आतिशबाजी करते नजर आए। आम जनमानस ने भी एकता एवं उत्सव का परिचय देते हुए आयोजन को आनंद एवं उत्साह के रंगों से भर दिया। दुबे ने बताया कि फुलगांव में काफी लंबे समय से यह आयोजन होते आ रहा है। उक्त अवसर पर राजू ठाकुर, रवि मंडावी, दिनेश यादव, गोकुल साहू, ऋषभ दुबे रामेश्वरी नेताम दीपा, पिंटू मांडवी, अष्टोरा बाई भारत नेताम, नद नेताम   रजत दुबे, घनाराम, गिरजा बाई, छबीली बाई, सुरजा, सावित्री, अजय, योगेश अनिता नेताम, शत्रुघ्न नेताम एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं गोंडवाना समाज के लोग उपस्थित थे।

## कुसुमकसा स्कूल में हुई दीया सजाओ प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक

**कुसुमकसा**। दीपावली कला , संस्कृति और रचनात्मकता का एक जीवंत उत्सव है। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा में दीया सजाओ प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन हुआ। प्राचार्य सुनीता यादव ने कहा कि दीया सजावट प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता एवं रचनात्मकता को विकसित करना और रोशनी के त्यौहार को सच्ची भावना से मानना है। भारतीय संस्कृति में दिया जलाना अंधकार को भगाकर प्रकाश को लाने का प्रतीक है। जो निराशा पर आशा की जीत है।

व्याख्याता तामसिंग पारकर ने बताया कि शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिवाली पर ' हरित दिवाली' एवं '





सुरक्षित दिवाली' मानने का संदेश दिया गया ,जिसमें पटाखों के हानिकारक प्रभाव, प्रदूषण से बचाव और पारंपरिक दीयो से घर सजाने की प्रेरणा शामिल है। शिक्षिका भावना यादव के मार्गदर्शन में शानदार नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन करते हुए स्थानीय कारीगरों तथा विक्रेताओं का समर्थन करने, गरीबों की मदद करने और सामाजिक बुराइयों जैसे भ्रष्टाचार और अज्ञानता पर ज्ञान की जीत का संदेश दिया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शाला के समस्त व्याख्याता संदीप नायक, आमोद त्रिपाठी, सरिता पांडे, रानू सोनी, सोनल गुप्ता,शिवम गुप्ता, प्रियंका सिंह, शेष कुमार कोसमा, नदीम खान, त्रिशाला नोनहारे, यामिनी नेताम, पूजा रातरे ,यशेष रावते, अंकिता मानकर, होमेश्वरी भेड़िया, गरिमा, समीक्षा ,भूपेश टंडन,प्रवीण आदि उपस्थित थे।

## बालोद में सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच युवक से मारपीट का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गांव में हो रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच गांव के बाहर हो रहे लड़ाई झगड़ा को छुड़ाने गए युवक के साथ वहां मौजूद युवको ने गाली लगौज व मारपीट कर दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने गाली गलौज व मारपीट करने वाले युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम परसाही निवासी हिरेन्द्र कुमार निर्मलकर ने पुलिस को बताया कि 22 से 23 अक्टूबर के मध्य रात्रि हमारे गांव में गोवर्धन पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहा था, रात्रि करीबन 02.30 बजे ग्राम सलौनी रोड में कुछ लोग के लडाई झगडा करने की सूचना पर कार्यक्रम समिति के सदस्य जितेन्द्र कुमार साहू के साथ गये, जहां हम लोग को आते देख लडाई झगडा करने वाले बहुत से लोग भग गये, जिसमें से कुछ लोग खडे थे जहां हमारे गांव के देवराज ठाकुर खड़ा था, जिन्हे मैने कहा कि तुम लोग बाहर गांव के लोगो को लाकर यहां लडाई झगडा कर रहे हो कोई बडी घटना हो जायेगा तो कौन जिम्मेदार रहेगा। इस पर देवराज ठाकुर ने मेरे गला को पकड कर गाली गलौज कर मारपीट किये तभी अचानक देवराज ठाकुर के दोस्त गौरव कलिहारी ग्राम लाटाबोड के रहने वाले अपने साथियो के साथ आकर मुझे गाली गलौज कर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये। उसी दौरान मेरा मोबाईल जेब से जमीन में गिर गया जिसे गौरव कलिहारी ने पैर से मारकर तोडकर नुकसान पहुचाये है। मारपीट करने से मेरे मस्तक, बाये आंख में चोट लगा है।

## भरदा में गौ माता को खिचड़ी खिलाकर मनाई गई दीपावली



**डौंडीलोहारा**। गोवर्धन पूजा के अवसर पर ग्रामीणों ने गौ माता को नहला धुलाकर गोवर्धन पर्वत बनाकर उसकी पूजा अर्चना की गई, तथा गौ माता को खिचड़ी खिलाई गई इसी तारतम्य में ग्राम भरदा लो में वीरेंद्र कुमार साहू ने अपने घर पर गौ माता को खिचड़ी खिलाकर पारंपरिक ढंग से पर्व मनाया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति में गौ सेवा का विशेष महत्व माना जाता है, इसी परंपरा को निभाते हुए उन्होंने यह आयोजन किया। इस दिन को धार्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर बृजवासियों की रक्षा की थी। साथ ही, श्रीरामचंद्र जी के 14 वर्ष के वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटने की खुशी में दीपावली मनाने की परंपरा चली आ रही है। ग्राम भरदा में भी दीपावली का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। घरों और मंदिरों में दीप प्रज्वलित कर लोगों ने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की तथा एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## धूमधाम से मनी दीपावली



**गुरूर**। ग्राम ठेकवाडीह में सोमवार को मां लक्ष्मी पूजा किया गया। जिसमें जय जोहार युवा संगठन द्वारा माता लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापित की गई थी, जिसे पंडित तोरण पुरी गोस्वामी द्वारा विधिवत मंत्रैचार के साथ पूजा अर्चना की गई दूसरे दिन गोवर्धन पूजा उत्सव मनाया गया। जिसमें गोपालको द्वारा गौवंश की पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाई गई। यादव समाज द्वारा गौ माता को सोआई बांधकर गोवर्धन पूजा मनाया गया। यादव समाज द्वारा गलियों में पारंपरिक वेशभूषा के साथ नाचते झूमते सहाड़ा देव चौक के साथ पहुंचकर डांग डोरी के साथ पहुंचे जहां पूजा अर्चना कर गोवर्धन पूजा किया गया। इसके पश्चात एक दूसरे को तिलक लगाकर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी गई।

## पूजा में बाजा बजाने को लेकर युवकों से मारपीट

**बालोद**। गांव के बच्चो के स्थान पर बाजा बजा रहं दो युवकों के कारण गांव के ही कुछ लोगो ने गाली गलौज के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने चार लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 118(1), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम हीरापुर निवासी लालचंद यादव ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को हमारे गांव में गोवर्धन पूजा कार्यक्रम के दौरान साहडा देव हीरापुर में छोटे छोटे बच्चे बाजा बजा रहे थे, बच्चों द्वारा बाजा ठीक से बजा नही पाने के कारण मै एवं मेरे साथी प्रदीप साहू हम दोनो बाजा बजाने लगे, तभी हमारे गांव के धनेश्वर साहू, शिवनंदन साहू, भोजराम साहू एवं लेखू राम साहू सभी ने मिलकर मुझे एवं प्रदीप साहू को तुम लोग बाजा क्यो बजा रहे हो कहकर गाली गलौज कर धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डंडा एवं धारदार ब्लेड से हम दोनो को मारपीट किये है।

## इस्कॉन प्रचार केंद्र गुरूर में दामोदर मास पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# हरिनाम संकीर्तन एवं दीपदान महोत्सव से जगाई गई आध्यात्मिक दीपावली की ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

रविवार मार्केट क्षेत्र में हरिनाम संकीर्तन एवं दीपदान महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे दीपावली तथा कार्तिक महोत्सव (दामोदर मास) के शुभ अवसर पर इस्कॉन प्रचार केंद्र, गुरुर द्वारा कीर्तन आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा यह दामोदर मास, जैसा कि स्कंद पुराण में वर्णित है, अत्यंत पुण्यदायी माह है।

कहा गया है कि जो भक्त भगवान श्रीकृष्ण के यशोदा–दामोदर स्वरूप के समक्ष एक दीपक भी अर्पित करता है, उसके असंख्य जन्मों के पाप भस्म हो जाते हैं। केवल एक दीप दिखाने मात्र से ही आत्मा शुद्ध होती है और परम कृपा प्राप्त होती है। इस कार्यक्रम का नेतृत्व केशव सखा दास द्वारा किया इस्कॉन प्रचार





केंद्र, गुरुर की सभी भक्ति एवं प्रचार गतिविधियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। इस उत्सव में छत्तीसगढ़ के सभी इस्कॉन प्रचार केंद्रों के मुख्यालय रायपुर मंदिर व इस्कॉन प्रचार केंद्र कांकेर के भक्तों ने भी भाग लिया। इन भक्तों ने मिलकर हरिनाम संकीर्तन की महिमा का प्रचार किया और गुरुर के लोगों को संकीर्तन आंदोलन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। संध्या होते ही दीप भगवान दामोदर को अर्पित किए गए। दीपों की ज्योति, धूप की सुगंध और मृदंग–झांझ की ध्वनि से पूरा क्षेत्र एक आध्यात्मिक मंदिर में परिवर्तित हो गया। हरिनाम संकीर्तन का उद्देश्य हर नगर और गाँव में भगवान के पवित्र नाम का प्रचार करना, हृदयों को शुद्ध कर प्रेमभाव जगाना, दीपावली का वास्तविक अर्थ समझाना अपने भीतर भक्ति का दीप जलाना, सबको प्रेम और आनंद के बंधन में जोड़ना है। वक्ताओं ने बताया इस्कॉन आंदोलन के बारे में एचडीजीएसी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद द्वारा स्थापित इस्कॉन अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ एक वैश्विक आध्यात्मिक आंदोलन है, जो भगवद्गीता और श्रीमद्भागवतम् के शुद्ध ज्ञान का प्रसार कर रहा है, जिससे मानवता को ईश्वर–प्रेम, करुणा और भक्ति से युक्त जीवन की ओर प्रेरित किया जा सके। यह हरिनाम संकीर्तन एवं दीपदान महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक जागरण था। इस कार्यक्रम ने सभी को यह अनुभूति कराई कि वास्तविक दीपावली वही है, जब हम अपने हृदय में भक्ति का दीप जलाकर उसे श्रीकृष्ण दामोदर को अर्पित करते हैं।

## नवनिर्वाचित अध्यक्षों को तहसील अध्यक्ष ने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

मोखा परिक्षेत्र मे बिदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन साहू सदन कन्हारपुरी मे आयोजित की गई। भक्त माता कर्मा की आरती पूजन कर समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को तहसील अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि तहसील साहू समाज अध्यक्ष मिथलेश साहू ने कहा कि समाज सेवा करना आसान नहीं है। सबो ला घुरुवा बन के काम करना है। समाज के अंतिम छोर के समाज को आगे बढाने के लिए काम करना है। सिर्फ बेटी और रोटी मे नही रहना है। समाज के लिए चिन्तन करना है। पूर्व अध्यक्षो के मार्गदर्शन में काम

- मोखा परिक्षेत्र में हुआ बिदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित



करना है। अध्यक्षता कर रही महिला उपाध्यक्ष ललिता पीमन साहू ने कहा कि सभी समाज के लोगो को संगठित होकर काम करना होगा। त्याग, तपस्या एवं मेहनत से माता कर्मा समाज को जोडने का प्रयास किया है। ग्रामीण परिक्षेत्र से मिलकर काम करना है।

परिक्षेत्र अध्यक्ष दुलारु राम साहू ने कहा कि परिक्षेत्र मोखा की संख्या कम है। छोटे छोटे गांव होने के कारण आर्थिक स्थिति भी कमजोर होने लगता है। इसलिए समाज के बडे लोगो से समय समय मे सहयोग के लिए मदद की बात कही। परिक्षेत्र अध्यक्ष ने सभी कार्यकारिणी की घोषणा कर शपथ ली। तहसील उपाध्यक्ष दुष्यंत कुमार साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, संगठन सचिव महिला डामेश्वरी साहू अतिथि के रुप मे उपस्थित थे। जिला साहू संघ उपाध्यक्ष रामदयाल साहू, गौकरण साहू, अघनू राम साहू, सेवक साहू, अश्वनी साहू, सहित कन्हारपुरी, मोखा, हितेकसा, सोनाईडोगरी, साल्हेभाट, धानापुरी, के ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### हिंदी में शतप्रतिशत करें काम, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक 17 अक्टूबर को कार्यपालक निदेशक एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई इस्पात संयंत्र पवन कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कार्यपालक निदेशक,मुख्य महाप्रबंधक, सीजीएम संदीप माथुर, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक राजीव कुमार, कार्यपालक निदेशक सौमिक डे तथा संयंत्र के सभी विभाग प्रमुख ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। पवन कुमार ने कहा कि हिंदी में कामकाज करना आसान है, हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए राजभाषा विभाग निरंतर प्रयासरत है। सभी हिंदी में शत-प्रतिशत कार्य-व्यवहार करने का संकल्प करें । बैठक के आरंभ में अमूल्य प्रियदर्शी ने पुस्तक भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। राजीव कुमार ने कहा कि हमारा दायित्व है कि, हम स्वयं हिंदी में समस्त कार्यालयीन कार्य करें और साथ ही अपने सहकर्मियों को भी हिंदी में कार्य करने के लिए प्रेरित करें। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### बार एवं रॉड मिल की टीम ने एनसीक्यूसी में जीता गोल्ड

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल की क्वालिटी सर्कल टीम सारथी की टीम ने तिरुपति में आयोजित नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स (एनसीक्यूसी 2025) में भाग लेकर गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया।
देशभर से भाग लेने वाली अनेक टीमों में सारथी टीम ने अपनी नवोन्मेषी सोच, सटीक विश्लेषण के बल पर यह गोल्ड अवार्ड जीता व साथ ही बेस्ट प्रेजेंटेशन एवं स्लोगन प्रतियोगिता में भी विजेता रही। विभागाध्यक्ष व मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सफलता प्राप्त करना वास्तव में असाधारण उपलब्धि है।
टीम का नेतृत्व उप प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने किया ।

# कैप्टिव 5 जी नेटवर्क का सफल परीक्षण, उच्च गति ट्रांसमिशन में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने एक और उल्लेखनीय तकनीकी उपलब्धि हासिल करते हुए किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) के अंतर्गत पहली बार कैप्टिव 5 जी नेटवर्क का सफल परीक्षण किया है। यह परीक्षण संयंत्र में औद्योगिक संचार, स्वचालन तथा उच्च गति डेटा ट्रांसमिशन की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह पहल बीएसपी के दूरसंचार विभाग द्वारा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के सहयोग से की गई।

इस पूरी प्रक्रिया के दौरान विभागाध्यक्ष (दूरसंचार) प्रकाश तथा महाप्रबंधक (दूरसंचार) एचआर सिरमौर ने मार्गदर्शन प्रदान किया और परियोजना की समीक्षा सीजीएम टीके कृष्ण कुमार द्वारा की गई। परियोजना की नींव 12 जुलाई 2024 को आईआईटी दिल्ली एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के दूरसंचार विभाग की टीमों के बीच हुई वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान रखी गई थी, जिसमें संयंत्र में 5जी नेटवर्क तकनीक के कार्यान्वयन पर विमर्श हुआ। अगस्त 2025 के दौरान प्रोफेसर केके सिरोही व एएस मंडल ने बीएसपी के एसएमएस-3 विभाग का दौरा कर वहाँ के बुनियादी ढाँचे, कार्य प्रणालियों एवं संचार व्यवस्था को जाना। इसमें यह पाया गया कि भारी धातु संरचनाओं एवं उच्च ध्वनि (शोर) स्तर के कारण मोबाइल एवं वॉकी-टॉकी दोनों के सिग्नल कमजोर पड़ रहे थे, जिससे प्रभावी संचार में कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं और परिचालन प्रदर्शन प्रभावित हो रहा था। निर्णय बाद आईआईटी दिल्ली की तकनीकी टीम ने 14 से 16 अक्टूबर तक भिलाई इस्पात संयंत्र में कैप्टिव 5जी प्रणाली की स्थापना एवं परीक्षण किया।

### पीएसयू में पहली बार हो रहा सफल प्रयोग



#### बीएसपी में परिणाम संतोषजनक

टीम ने बीओएफ नियंत्रण कक्ष, एलएफ-2, सीके-2 तथा बिलेट यार्ड सहित प्रमुख परिचालन बिंदुओं पर कैप्टिव 5जी नेटवर्क को सफलतापूर्वक स्थापित किया। वरिष्ठ प्रबंधक एस भट्टाचार्य एवं सहायक प्रबंधक प्रजेश श्रीवास्तव के समन्वय में वॉयस एवं वीडियो कॉल सिग्नल परीक्षण किया गया। वरिष्ठ प्रबंधक पंकज राय द्वारा सीसीटीवी कैमरों एवं कंप्यूटरों के बीच वायरलेस कनेक्टिविटी स्थापित करने के लिए 5 जी नेटवर्क का प्रयोग किया गया। इसके परिणाम संतोषजनक रहे।

## सीटू ने सीजीएम व ईडी से की मांग, जल्द जारी करें डीम्ड एनडीसी

# अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल इनवेलिडेट कर्मी के आश्रित को भुगतान में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी के ग्रैच्युटी, एसईएसबीएफ, छुट्टी के अंतिम भुगतान के लिए डीम्ड एनडीसी जारी नहीं करने के कर्मचारियों को भुगतान में परेशानी हो रही है। यूनियनों ने प्रबंधन पर डीम्ड एनडीसी जल्द जारी करने के लिए दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। इससे संबंधित कर्मी को राहत मिलेगी।

सीटू की टीम ने बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक प्रियंका मीणा से मुलाकात कर मुख्य महाप्रबंधक और कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र में समस्या के निदान की मांग की। सीटू ने बताया कि मौजूदा समय में मेडिकल अनफिट हुए कर्मियों को आवास देने संबंधी वर्तमान ने नियम से कर्मियों को कई तरह की परेशानी रही है। नियम के अनुसार

संयंत्र में कार्यरत कर्मी बीमारी के कारण दो कैटेगरी में मेडिकल अनफिट किए जाते हैं जिनमें से पहले कैटेगरी में मेडिकल अनफिट होने से लेकर कर्मी के सेवानिवृत्त (सुपर एनुवेशन) तक ई एफ बी एस स्कीम के तहत बेसिक डी ए मिलता है।

कर्मी को उनके निवासरत आवास में ही निवास करने के लिए कोई राशि भी जमा नहीं करना होता है। लेकिन दूसरे कैटेगरी में मेडिकल अनफिट होने पर उनके आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है लेकिन मेडिकल इनवेलिडेट किए जाने से लेकर आश्रित के अनुकंपा नियुक्ति होने तक यदि मेडिकल अनफिट हुआ कर्मी उसी आवास में निवासरत है तो उस कर्मी का सीपीएफ को छोड़ कर अन्य भुगतान जैसे ग्रैच्युटी, एस ई एस बी एफ एवं छुट्टी का पैसा तब तक रोक दिया जाता है, जब तक उस कर्मी द्वारा उस आवास को जमा नहीं कर दिया जाता है । अथवा आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलने के बाद उक्त आवास उस आश्रित के नाम पर आबंटित नहीं कर दिया जाता है।

### यूनियनों ने प्रबंधन पर दबाव बनाना किया शुरू



#### परेशान हो जाता है बीमार कर्मचारी

आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी और उनके परिजन एक तरफ बीमारी के इलाज में व्यस्त रहते हैं और दूसरी तरफ आवास नहीं छोड़ने से आवास सम्बंधित एन डी सी जारी नहीं होने के कारण सीपीएफ को छोड़ कर अन्य भुगतान रोके जाने से परेशान होते हैं। मेडिकल इनवेलिडेट घोषित किए जाने और अनुकंपा नियुक्ति होने के बीच कितना समय लग सकता है यह आश्रित के एजुकेशन, कारपोरेट से एप्रूवल और अन्य किसी तकनीकी कारणों पर निर्भर करता है।

#### खत्म हो भेदभाव पूर्ण नियम

संयंत्र से सामान्य रूप से सेवानिवृत्त होने के पश्चात कर्मी द्वारा रिटेंशन में आवास के लिए आवेदन करने पर नियमानुसार रिटेंशन स्कीम के अंतर्गत आवास की कैटेगरी के अनुसार एक निर्धारित राशि जमा करवाकर आवास को रिटेंशन में देने का प्रावधान है। लेकिन मेडिकल इनवेलिडेट घोषित होने वाले कर्मियों का आवास रखने के एवज में ग्रैच्युटी, एस ई एस बी एफ, छुट्टी का अन्तिम भुगतान रोकना भेदभाव पूर्ण रवैया है क्योंकि आवास के बदले में रोका गया यह रकम बहुत बड़ा होता है।

#### कर्मियों को मिले राहत

सीटू ने बीएसपी प्रबंधन से मांग की है कि आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट किए जाने की स्थिति में मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए कर्मी को वर्तमान आवास में ही रहने दिया जाए और जब तक आश्रित को नियुक्ति नहीं मिल जाती है तब तक नगर प्रशासन सेवाएं विभाग द्वारा डीम्ड एनडीसी जारी किया जाए। ताकि आश्रित के अनुकम्पा नियुक्ति के लिए मेडिकल इनवेलिडेट हुए कर्मी को सभी भुगतान मिल सके।

## कुगदा के विद्यालयों में बीएसपी ने डोम शेड का किया हस्तांतरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पुरई एवं कुगदा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में डोम शेड का निर्माण आर.ई.एस. (रूरल इंजीनियरिंग वर्कशॉप) के माध्यम से कराया गया। इन शेडों को को आयोजित समारोहों में विधिवत विद्यालय प्रबंधन को सुपुर्द किया गया।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुरई में आयोजित हस्तांतरण समारोह में विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी, पालक, ग्राम सरपंच एवं उप सरपंच की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन को डोम शेड का हस्तांतरण सीएसआर विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीएसपी-सीएसआर की ओर से महाप्रबंधक शिवराजन, उप प्रबंधक केके वर्मा एवं बुधेलाल उपस्थित थे। ग्राम कुगदा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निर्मित डोम शेड का हस्तांतरण कार्यक्रम में बीएसपी की ओर से मुख्य महाप्रबंधक (टीए एवं सीएसआर) श्री उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक (सीएसआर) श्री शिवराजन, उप महाप्रबंधक (टीएसडी) श्री आर.के. गर्ग, उप प्रबंधक (सीएसआर) श्री के.के. वर्मा तथा श्री बुधेलाल सहित विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी एवं पालकों के साथ-साथ पार्षद व पालक शिक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालयों के प्राचार्य एवं जनप्रतिनिधियों ने बीएसपी के सतत सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी सुविधाएँ ग्रामीण छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराती हैं।

इस पहल का उद्देश्य विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना प्रदान करना है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य आयोजनों को भी सुगमता से संचालित किया जा सके। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जा रहा यह प्रयास ग्राम्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# संयंत्र स्तरीय वेल्डिंग प्रतियोगिता में दिखाया दमखम, मिला पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र और इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ वेल्डर्स (आईआईडब्ल्यू.), भिलाई शाखा के तत्वावधान में मार्स-3 विभाग में संविदा कर्मियों के मध्य संयंत्र स्तरीय वेल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 173 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। उन्होंने विजेता संविदा कर्मियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

दो श्रेणियों में आयोजित स्पर्धा मं जीएमएडब्ल्यू और एसएमएडब्ल्यू में में राजेश यादव व श्री अरुण कुमार चौधरी विजेता थे। विजेताओं ने आगामी 14-15 नवम्बर को कोच्ची में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वेल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अहर्ता प्राप्त की। राकेश कुमार ने विजेताओं को बधाई दी और मानव संसाधन में निवेश एवं कौशल विकास के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण वेल्डिंग उपकरणों की विश्वसनीयता उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाती है। प्रत्येक संसाधन का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाना चाहिए तथा सुरक्षा हेतु प्रत्येक पीपीई का शत-प्रतिशत पालन आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित वेल्डिंग कार्यों का अवलोकन कर प्रसन्नता व्यक्त की और श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा सीजीएम एवं अध्यक्ष, आईआईडब्ल्यू भिला प्रमोद कुमार द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य महाप्रबंधक एसके घोषाल, हरीश सचदेव, जीएम एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन-बीएसपी के अध्यक्ष एनके बन्छोर सहित संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी, संविदाकर्मी तथा आईआईडब्ल्यू, भिलाई शाखा के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक वीरेंद्र ओगले द्वारा तथा महाप्रबंधक व मानद सचिव, राजेश अग्रवाल ने किया।

# गोवर्धन पूजा के अवसर पर सांसद ने की गौ माता की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गोवर्धन पूजा पर सांसद विजय बघेल ने सेक्टर-5 स्थित निवास में पारंपरिक रूप से गोवर्धन पूजा का आयोजन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी रजनी बघेल भी मौजूद थीं। गौ माता को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। भगवानी यादव द्वारा दोहे प्रस्तुत किए गए। सांसद ने कहा कि गोवर्धन पूजा की परंपरा द्वापर युग से चली आ रही है। यह पर्व हमें हमारी संस्कृति और गौ माता के महत्व की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि जब प्रभु श्रीराम 14 वर्षों का वनवास पूर्ण कर अयोध्या लौटे थे। तब दीप जलाकर दीपावली मनाई गई थी।

दीपावली के दूसरे दिन गोवर्धन पूजा होती है, जिसमें गौ माता को खिचड़ी एवं अमृत रूपी दूध अर्पित किया जाता है। इसके बाद भाई दूज का पर्व आता है, जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते का प्रतीक है।

# ऊंचाई पर कार्य के दौरान बरतें सजगता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने अयस्क हैंडलिंग संयंत्र-ए (ओएचपी-ए) का निरीक्षण दौरा किया। उन्होंने संयंत्र परिसर में सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए टीम ओएचपी के साथ व्यापक सुरक्षा भ्रमण किया। वैगन टिपलर-4 और टिपलर-5 इकाइयों का स्थलीय निरीक्षण किया तथा वहाँ उपस्थित कर्मचारियों से परिचालन सुरक्षा उपायों की जानकारी ली।

राकेश कुमार ने कार्य प्रारंभ करने से पूर्व प्रत्येक कार्यस्थल के 360-डिग्री सुरक्षा मूल्यांकन के महत्व पर बल दिया।

विशेष रूप से ऊँचाई पर कार्य करने के दौरान सावधानियों, कार्यस्थल की नियमित सफाई तथा प्रभावी हाउसकीपिंग को सुरक्षा संस्कृति की आधारशिला बताया।उन्होंने टिपलर इकाइयों में स्थापित सुरक्षा प्रणालियों का अवलोकन किया और सभी कर्मचारियों को मूलभूत सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पीपीई) के अनिवार्य उपयोग पर जोर दिया।

■ ईडी राकेश कुमार ने ओएचपी का किया सुरक्षा निरीक्षण

सुरक्षा जानकारी को करें साझा

उन्होंने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की सुरक्षा संबंधी समस्या या चिंता को तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साझा किया जाए । ताकि उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण संयंत्र संचालन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### कला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम बच्चों को मिली छात्रवृत्ति

# स्टूडेंट्स को मिली छात्रवृत्ति, करियर को मिलेगी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ट्रॉफी सर्वोत्तम छात्रवृत्ति एवं प्रतिभा पुरस्कार हासिल कर विद्यार्थी खासे खुश हैं। छात्र छात्राओं ने इसे बीएसपी की अच्छी पहल बताया है। इस वर्ष 19 लाख से अधिक राशि स्कांलरशिप वितरित की गई है। ।

कला मंदिर में आयोजित कार्यक्रम बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई तथा विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर विद्यार्थियों, जिनमें टीक्यूटी के विद्यार्थी भी शामिल थे,सभी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती थे और सभी ईडी विशेष अतिथि थे। सर्वोत्तम छात्रवृत्ति उन 75 विद्यार्थियों को दी जा रही है जिन्होंने आईआईएम, एम्स, आईआईटी, एनआईटी, नेशनल लॉ कॉलेज, सीए, सीएमए, आईआईएसईआर, एनआईएफटी जैसे संस्थानों में प्रवेश किया है। चयनित छात्रों को उनके पाठ्यक्रम की अवधि के लिए 25 हजार की छात्रवृत्ति दी जाएगी।




#### 75 विद्यार्थियों को 19 लाख स्कालरशिप

चयनित 75 छात्रों को रू.19.34 लाख की राशि छात्रवृत्तियों के रूप में प्रदान की गई। इनमें से 14 छात्र-छात्राएँ अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से हैं। इसके अतिरिक्त, कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को मेरिट पुरस्कार भी प्रदान किए गए, जिनमें सीबीएसई, सीजी बोर्ड एवं अन्य मान्यता प्राप्त बोर्डों के टॉपर शामिल थे। इस श्रेणी में कुल 35 विद्यार्थियों को रू.3.14 लाख की राशि छात्रवृत्तियों के रूप में वितरित की गई।

### केंद्रीय यांत्रिक संगठन ने किया श्रमदान



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के केंद्रीय यांत्रिक संगठन द्वारा स्वच्छता ही सेवा-पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। ज़ोन के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विभागों सीएचएम, सीआरएम, आरवीसी, सीईडी, प्लांट गैरेज तथा मैकेनिकल सर्विसेस में विभाग प्रमुखों और कर्मचारियों ने अपने कार्यक्षेत्रों में सफाई एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियाँ कीं। सभी विभागों के कर्मियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यस्थल की स्वच्छता को बनाए रखने में निरंतर योगदान देंगे।

# दुर्ग में बच्चों संग शिक्षा मंत्री गजेन्द्र ने मनाई दिवाली

**दुर्ग।** दीपावली के पावन अवसर पर विष्णु की दीया कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बच्चों संग दीप जलाकर फटाके फोड़े और दिवाली की खुशियां साझा की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में इस अनूठे कार्यक्रम में बच्चों के साथ दीपोत्सव मनाकर मंत्री ने शिक्षा और संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

गजेन्द्र यादव ने कहा की शक्तिनगर के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शाम 5 बजे से आयोजित विष्णु के दीया कार्यक्रम में शामिल होकर देश का भविष्य गढ़ने वाले बच्चों के साथ दिवाली मनाई। बच्चों को सम्बोधित करते हुए स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ल गढ़े बर थीम को लेकर जीवन में शिक्षा के महत्त्व को बताते हुए पढ़ाई करने प्रेरित किये।दीपावली का यह पावन पर्व ज्ञान, प्रकाश और संस्कृति का सुंदर संगम है। दीपोत्सव के इस पावन अवसर पर हम सभी बच्चों, शिक्षकों और दुर्ग के परिवारजनों के साथ विद्यालय परिसर में दीप प्रज्वलित किया गया, ताकि हर कक्षा, हर मन और हर घर में शिक्षा का उजाला फैल सके। इस अवसर पर हम सभी ज्ञान ही सच्चा प्रकाश है के संकल्प को पुनः दोहराया गया। शाम 5 बजे से शुरू हुए विष्णु के दिया आयोजन में बच्चों ने सुवा नृत्य और दीपावली गीतों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी।

## खबर संक्षेप

### भाई बहन के रिश्तों में मिठास लाती है भाई दूज का पर्व



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव बसनी धनेली भगतपुर मोहतरा कला घोरपेंड्री कुंडा एवं दामापुर क्षेत्र में भाई दूज बड़ी धूमधाम से व भाई बहन का प्यार का देखने को मिला भाई दूज का पर्व कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व बहन-भाई के प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। बहन अपने भाई की लम्बी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती है, और भाई अपनी बहन की रक्षा का वचन देता है। भाई दूज की कथा पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान सूर्य देव और उनकी पत्नी छाया के दो संतानें थीं यमराज और यमुना। यमराज मृत्यु के देवता बने, जबकि यमुना एक पवित्र और प्रिय नदी के रूप में पूजी जाती हैं। बचपन से ही यमुना अपने भाई यमराज से अत्यंत स्नेह करती थीं और हमेशा यह इच्छा रखती थीं कि उनका भाई एक बार उनके घर आए और उनके हाथों से भोजन ग्रहण करे। वे बार-बार यमराज को निमंत्रण देती थीं, लेकिन यमराज अपने कार्यों में इतने व्यस्त रहते कि वे हर बार टाल देते थे। फिर एक दिन, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमराज बिना बताए अचानक यमुना के घर आ पहुँचे। भाई को अपने घर देखकर यमुना अत्यंत हर्षित हुईं। उन्होंने बड़े प्रेम और श्रद्धा से उनका स्वागत किया, तिलक किया, आरती उतारी, और स्वादिष्ट भोजन परोसा। यमुना के स्नेह, सेवा और प्रेम से यमराज अत्यंत प्रसन्न हुए। यमराज ने यमुना से वरदान मांगने को कहा। तब यमुना ने यह वर मांगा कि हर साल कार्तिक शुक्ल द्वितीया के दिन आप मेरे घर पधारें, और इस दिन जो बहन अपने भाई को तिलक करके प्रेमपूर्वक भोजन कराएगी, उसका भाई लंबी उम्र पाएगा और उसे यमलोक का भय नहीं होगा। यमराज ने यह वरदान स्वीकार किया और तभी से यह परंपरा शुरू हुई कि भाई दूज के दिन बहनें अपने भाइयों को तिलक कर उनके कल्याण और दीर्घायु की कामना करती हैं। इस कथा के पीछे भाई-बहन के स्नेह, सेवा और प्रेम का गहरा भाव छिपा है, जिसे हर वर्ष भाई दूज के रूप में श्रद्धा से मनाया जाता है।

### ग्राम मक्के शाला में बच्चों ने मनाया दीपोत्सव



**कवर्धा।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में दीपावली हर्षल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया इस अवसर पर छात्र-छात्रों द्वारा रंगोली व दीपावली साज-सजा कर रंगोली तैयार किया गया। जिसमें शुभ दीपावली व धनतेरस एवं रंगोली के माध्यम से छात्रों ने शानदार मनमोहक रंगोली बनाया। जिसमें छात्रा रूपांजलि, सोनम, तामनी, लोकेश्वरी, पूर्णिमा, दुर्गा, संतोषी, नमृता, पूनम, खिलेश्वरी, द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें सुआ गीत किया गया। छात्रों ने एक दूसरे को बधाई शुभकामना दी । अंत में सभी बच्चो को दीपावली की शुभकामनाएं के साथ पढाई लिखाई एवं पटाखे फोड़ेन में सावधानियां बरतनी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए, प्रधान पाठक श्रीमती एल्वीना विलसन मिठाइयां और बधाईयां दी, इस अवसर पर संकुल समन्व्यक राम सिंह साहू, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठक कपूर राम चन्द्रवंशी, शिक्षक कौशल प्रसाद, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, महारानी साहू, ग्राम पटेल कुमार साहू, कान्हाभैरा प्रधान पाठक रामशरण मरावी बैजलपुर प्रधान पाठक हुक्मी चंद धुर्वे, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमती दुखिया साहू, सभी सदस्य, पालक सभी बच्चे उपस्थित रहे ।

### रात्रि कालीन डांस प्रतियोगिता सेमरहा में आयोजित, शामिल हुए युवा समाजसेवी अशोक मरावी



**कोलेगांव।** दिपावली के पावन अवसर पर उपकार युवा समिति सेमरहा के द्वारा रात्रि कालीन भव्य डांस प्रतियोगिता का आयोजन 8 वां वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ किया गया, जिसमें युवा समाजसेवी ग्रामीण क्षेत्र अशोक मरावी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए, वही समिति के द्वारा अशोक मरावी का भव्य रूप से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उद्बोधन में अशोक मरावी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दीपावली कि ढ़ेर सारी शुभकामनाएं दीं और सुख समृद्धि कि कामना की और कहा कि यहां लोगों का जो संगठन हैं यहां के युवाओं का जो योगदान और संगठन हैं बहुत ही सराहनीय है जो इस प्रकार के बड़े-बड़े कार्यक्रम आयोजित करते हैं ये केवल एक कार्यक्रम हीं नहीं है हम सबको एक साथ मिलकर इस त्योहार को खुशी-खुशी मनाने का बहुत बड़ा अवसर हैं। इस डांस प्रतियोगिता में लगभग 31 गांव के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमें प्रथम स्थान गांगपुर 5000 रूपए, दुसरा सिंगपुर 3000, तिसरा कुई 2000, चौथा कामठी 1500, पंचम सेमरहा 1000 छठवें तरेगांव जंगल 600 रूपए जिसमें चौथा ईनाम राशि अशोक मरावी प्राप्त किया।

बैठक में शामिल होने बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीण

# पंडरिया विकासखण्ड में विशेष पिछड़ी जनजाति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई कुकदूर

पर्यावास अधिकार के संबंध में पंडरिया ब्लाक में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के 85 गांव के प्रतिनिधिगण भारी संख्या में 16 अक्टूबर 2025 को ग्राम पोलमी में आयोजित बैठक में महिला पुरुषों ने भाग लिया। संस्था की सीनियर कार्यकर्ता अनिमा बनर्जी, मनोज बैगा, अनिल धुर्वे, अशोक मरावी, हेमंत कुमार गढ़ेवाल, मनोज कुमार पेंद्रो आदि की मुख्य भूमिका रही। यह बैठक समाजसेवी संस्था आदिवासी समता मंच के आह्वान पर किया गया था। वन अधिकार कानून के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदायों को हैबिटेट अधिकार मिलने का प्रावधान है बैगा समुदाय अपने हैबिटेट का अधिकार प्राप्त कर सकता है इस हेतु समुदाय के बीच में पिछले 5 वर्षों से व्यापक समझ आदिवासी समता मंच के माध्यम से शिक्षण प्रशिक्षण जन जागरण आदि के माध्यम से जानकारी देने का प्रयास किया जाता रहा है पिछले दिनों समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ में राज्यपाल एवं शासन प्रशासन के बीच में संवाद स्थापित करने का निरंतर प्रयास जारी रहा है पूर्व में बैगा समुदाय के प्रतिनिधियों को संस्था के द्वारा उड़ीसा में जुवांग जनजाति के बीच में अनुभव के लिए भ्रमण कराया गया था। जहां उन्हें पर्यावास अधिकार प्राप्ति की कार्यवाही भी के बारे में सीखने को मिला। संस्था एवं समुदाय के निरंतर प्रयास के चलते आदिम जाति कल्याण विभाग ने भी बैगा समुदाय को पर्यावास अधिकार दिलाने में रुचि दिखलाई और पिछले 1 साल से आदिवासी संरचनालय एवं आदिवासी समता मंच के सहयोग से अधिकार हेतु आवेदन प्रक्रिया की कार्यवाही जारी है इसी क्रम में जिला वन अधिकार समिति की बैठक हो चुकी है एवं परामर्श दात्री समिति की बैठक भी हो चुकी है बैगा समुदाय का हर एक ग्राम में ग्राम सभा एवं वन अधिकार समिति का गठन भी शासन के आदेश के अनुसार हो चुका है परंपरागत रीति रिवाजों का दस्तावेजीकरण कारण भी हो चुका है दो-दो ग्राम सभा प्रस्ताव भी हो चुके है स्थल निरीक्षण पड़ोसी गांव की सहमति वन एवं राजस्व विभाग की सहमति संयुक्त ग्राम सभा की कार्यवाही अभी बाकी है। ख फॉर्म भरना बाकी है ख फार्म में शामिल किए जाने वाले सभी दस्तावेज तैयार है वन, राजस्व एवं पंचायत विभाग के कर्मचारी गन सही ढंग से सहयोग करेंगे तो 15 दिन के अंदर ख फॉर्म भी पूर्ण हो जाकर अंतिम ग्राम सभा प्रस्ताव के लिए तैयार हो सकता है कुछ गांव में ग्राम सभा होने के बावजूद ग्राम सभा रजिस्टर और सील मोहर अब तक नहीं प्राप्त होने के कारण से लिखने की कार्यवाही पूरी नहीं की जा सकी है दशमी बाई, फगीया बाई, सोनबाई बैगा, सुखमत बाई, फुलिया बाई वह आए हुए प्रतिनिधियों ने शासन से अनुरोध किया कि जिन गांवों में रजिस्टर व सील बाकी है उसको कृपया जल्द से जल्द दिलाया जाए एवं ख फॉर्म भरने में सहयोग किया जाए।

### सभी सदस्यों की मुख्य भूमिका रही



बैगा पर्यावास अधिकार समिति पंडरिया जिला कबीरधाम के अध्यक्ष गौठू राम बरंगिया, बैगा समाज के प्रदेश अध्यक्ष एतवारी मछिया, सेमलाल बैगा, संतोष पडीया शिक्षक, घेनवाराम बैगा, पवन बैगा, केवलसिंह चिखलिया, तीतरुसिंह उपसरपंच, लालजू बैगा पूर्व सरपंच, सुकरसिंग, लमनु बैगा छोटेलाल बैगा, दुखुराम बैगा सहित सभी सदस्यों की मुख्य भूमिका रही। जो कार्य बचा है उसे जल्द से जल्द पूरा करना बैठक का मुख्य उद्देश्य था बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों ने अपने-अपने गांव में जो कार्यवाही अब तक हुई है उसके बारे में जानकारी दी गांव स्तर पर नजरी नक्शा भी बन चुका है। आदिवासी समता मंच ने बैगा समुदाय एवं शासन प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। वन अधिकार समिति के अध्यक्ष सचिव ग्राम पोलमी में आदिवासी समता मंच के द्वारा आयोजित बैठक में हैबिटेट अधिकार लेने की जोश एवं जुनून के साथ भारी संख्या में आगे की कार्यवाही शीघ्र पूरा करने एक दूसरे एक गांव को सहयोग करने की संकल्प के साथ भाग लिया।

# दीपावली के पावन पर्व पर रामचरित मानस कथा का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम घोरपेण्ड्री के मां लक्ष्मी समिति के द्वारा दीपावली के पावन पर्व पर 3 दिवसीय रामचरित मानस कथा प्रवचन का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम दिवस पंडित छवि कृष्ण पाण्डे बसनी वाले द्वितीय दिवस पंडित सागर मिश्रा तथा अंतिम दिवस पंडित धनंजय प्रसाद दुबे रापा वाले ने बड़े सुन्दर भाव पूर्वक रामचरितमानस कथा का रसपान कराया गया जिसमे तीसरे दिन की कथा में शिव-पार्वती विवाह की कथा का वर्णन किया। पौराणिक कथा अनुसार, माता सती के देह त्याग के बाद, हिमालय की पुत्री पार्वती ने शिवजी को पति रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की। उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर, महादेव विवाह के लिए तैयार हुए। शिव-पार्वती के विवाह की इस कथा का वर्णन बालकांड में विस्तार से किया गया है, जहां शिवजी के बारात आने और विवाह संपन्न होने का वर्णन किया। शिव बारात के बारे में बताया कि बारात में शिवजी के साथ भूत-प्रेत और गण भी थे, जो विचित्र और डरावनी वेशभूषा में थे। जब यह बारात नगर के पास पहुँची तो माता मैना और अन्य लोग शिव के रूप और बारात को देखकर भयभीत हो गए। भयभीत होकर मैना ने विवाह करने से मना कर दिया। तब पार्वतीजी ने माता को समझाया कि शिवजी ही एकमात्र शक्ति और ईश्वरीय रूप हैं और विवाह के बाद सब शांत हो जाएगा। पार्वतीजी की बात मानकर मैना विवाह के लिए राजी हो गईं। देवताओं और गणों के साथ शिवजी का विवाह संपन्न की कथा सुनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामवासी व समिति के सदस्य नरेंद्र चंद्राकर, गेंद लाल चंद्राकार, अनुज चंद्राकर, राजेश चंद्राकर, सनोहर चंद्राकर, महादेव चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, लक्ष्मण, धर्मेश चंद्राकर, गोविंद चंद्राकर, जगन्नाथ, संजय, शांतनु, हेमराज, स्वतंत्र, गोवर्धन चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर, दिलीप, प्रकाश चंद्राकर, तिरथ राम चंद्राकर, प्रेमसागर, चंद्रशेखर गोकुल, राहुल, नमन चंद्राकर, ओमप्रकाश, लवलेश, रूपेश, भोला चंद्राकर, दीपेश, भूदेव चंद्राकर, सहित ग्रामवासी का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम अतरिया में ग्रामीणों ने की घुमंतू गायों की पूजा अर्चना



- गांव में बना गौधाम घुमंतू गायों के लिए विशेष व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पण्डरिया

ग्राम अतरिया में बुधवार की शाम करीब 5 बजे गोवर्धन पूजा का पारंपरिक और भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के साथ नरेश साहू ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भगवान गोवर्धन की पूजा-अर्चना की। पूजा कार्यक्रम के साथ ही गांव में एक नया गौधाम गौशाला बनाया गया, जिसमें क्षेत्र की घुमंतू गायों के लिए विशेष चारा-पानी की व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था में नरेश साहू का विशेष योगदान रहा। ग्राम पंचायत की पहल और ग्रामीणों के सहयोग से यह कदम उठाया गया है ताकि आवारा और बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय मिल सके। वही आवारा पशुओं से मिलेगी राहत ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू ने बताया कि गौधाम के निर्माण से अब गांव में घूमने वाली गायों को उचित देखभाल मिलेगी और सड़कों पर आवारा पशुओं की समस्या से भी राहत मिलेगी।

# दो माह में नहीं मिला वसीम का सुराग जमीन निगल गई या आसमान

- महाराष्ट्र के कामठी से हुआ लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

नगर के युवा कारोबारी मोहम्मद वसीम तंवर को रहस्यमय तरीके से गायब हुए दो माह से अधिक समय हो गया, किन्तु उसका अब तक सुराग नहीं मिल सका है। सवाल यह है कि वसीम को जमीन निगल गई या आसमान जिसके चलते महाराष्ट्र पुलिस और परिजन लाख कोशिश के बाद भी उसे खोजने में नाकाम रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि मो वसीम तंवर पिता मो इशहाक तंवर गत 19 अगस्त से लापता है। वह 19 अगस्त को अपनी पत्नी को लाने कामठी गया था। नगर के सना डेकोरेशन के संचालक इशहाक तंवर का 33 वर्षीय पुत्र वसीम 19 अगस्त को तौफीक के साथ बाइक से राजनांदगांव जाकर ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस से रवाना हुआ था। इस बीच उसकी परिजनों और पहचान वालों के साथ बात होते रही। करीब चार बजे वसीम ने इमरान को बताया था कि वह तुमसर पहुंचने वाला है। इससे पहले उसने दोपहर एक बजे अपनी पत्नी को कामठी आने की जानकारी दिया था। परिजनों और परिचितो से लगातार संपर्क मे रहने के बाद पांच बजकर 17 मिनट पर उसका मोबाईल बंद हो गया जो दोबारा चालू नहीं हुआ है।

### शाम को दिखा फुटेज में

वसीम के अचानक गायब होने के बाद परिजनों ने कामठी स्टेशन में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज का खंगाला तो उसे शाम 5.22 बजे स्टेशन से बाहर निकलते देखा गया। स्टेशन के बाहर निकलकर उसे बस स्टैंड की ओर जाते देखा गया किन्तु उसके बाद कहा गया इसकी अब तक कोई जानकारी नहीं सकी है।

### किसी से विवाद नहीं

पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि वसीम और परिजनों के बीच किसी प्रकार का विवाद नहीं था। पति पत्नी के बीच भी अनबन जैसी कोई बात नहीं थी। व्यापारिक क्षेत्र में भी लेनदेन को लेकर कोई इश्यु नहीं था। डेकोरेशन के काम को पूरी निष्ठा के साथ करने के कारण वसीम की सभी वर्ग के लोगों के साथ खासी जान पहचान थी और सभी उसके काम से संतुष्ट थे।

### रिश्तेदारों ने किया संभावित जगहों पर तलाश

वसीम के अचानक गुम होने के बाद से परिजन, रिश्तेदार और कामठी पुलिस लगातार तलाश करते रहे किन्तु अब तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका है। उसके रिश्तेदारों ने कामठी, नागपुर, रामटेक, छिंदवाड़ा, मुंबई, दिल्ली, सूरत सहित अन्य संभावित जगहों पर तलाश किया। कामठी पुलिस ने भी टीम बनकर मोबाईल काल डिटेल, सीसीटीवी फुटेज आदि के माध्यम से उसकी तलाश करने का प्रयास किया किन्तु अब तक कामयाबी नहीं मिल सकी है।

# गौ माता की श्रद्धा के साथ पूजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईखदान

श्री राम गौ सेवा समिति ने गोवर्धन पूजा का आयोजन हर्षोल्लास और भक्ति भाव से किया। गौशाला परिसर में गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। समिति के सदस्यों ने पूजा कर गौवंश की सेवा और संरक्षण का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में श्री राम गौरक्षा समिति के संरक्षक छोटे राजा देवराज किशोर दास ने शामिल होकर गोवर्धन पूजा की और गौमाता की आरती उतारी। उन्होंने श्री राम गौ सेवा समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हम किश्मत वाले हैं कि हमें गौमाता की



सेवा करने का मौका मिला है। हमे अपनी संस्कृति को बचाए रखने हेतु तत्पर रहना चाहिए और गौ माता की रक्षा के लिए सजग रहना होगा। कार्यक्रम में श्री राम गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अमित यादव सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। श्री यादव ने कहा हम सभी गौ सेवा समिति भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### गौरा गौरी चबूतरे का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** दीपावली के दूसरे दिन इंदिरा नगर वार्ड 5 में गौरा गौरी चबूतरे का लोकार्पण प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने किया। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, सुनील जैन, मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, पार्षद प्रीति चमन समुद्रें प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर श्री भारती ने वार्डवासियों को गोवर्धन पूजा, भाई दूज की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जैसे हम दीपावली पर अपने घरों की साफ करते हैं, वैसे ही अपने वार्ड को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है।

# साइकिलिंग में शलिता, कुमेश्वरी विजेता

**साल्हेवारा।** खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने खेलो इंडिया अस्मिता वूमेंस लीग की साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित किया जिसमें लगभग 100 बालिका एवं महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया।

साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट के सचिव जनक लाल साहू ने बताया कि प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि निजाम सिंह मंडावी जिला उपाध्यक्ष भाजपा थे। इस दौरान जनपद सदस्य मन्नू मरकाम, दशरथ पटेल, गगन अग्रवाल, बहादुरसिंह खुशरो, नरेन्द्र पटले आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में प्रथम शलिता पटेल, द्वितीय हसीना पटेल, तृतीय बुधन पटेल, जूनियर बालिका वर्ग में प्रथम कुमेश्वरी, द्वितीय बिंदिया पटेल, तृतीय किरण जामेवार, सीनियर वर्ग में प्रथम रेशमा मरावी, द्वितीय निधि साहू तथा तृतीय भूमिका सिन्हा रही। विजेताओं को अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के दौरान देवप्रकाश वर्मा ने साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ खैरागढ़ डिस्ट्रिक्ट को बेस्ट अपकमिंग डिस्ट्रिक्ट का शील्ड प्रदान किया।



कटगो में लोगों ने ईसरा राजा और गौरा रानी की निकाली बारात

# लोगों ने धूमधाम के साथ मनाया गौरा गौरी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



ग्राम कटगो में ईसरा राजा और गौरी रानी की बारात निकाली गई व दीपावली पर्व को लोगों ने बडी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने दिपावली के दिन रात के समय भगवान ईसरा राजा और माता गौरी रानी की मूर्ति बनाकर वेषभूषा के साथ स्थापित किया गया। वहीं गांवों के महिलाओं द्वारा छत्तीसगढी पारंपरिक ईसरा राजा और गौरी रानी की गीत भी गाई गई। वहीं दूसरी ओर गांवों में महिलाओं द्वारा घर-घर जाकर सुआ गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। इसके पश्चात सुबह ही भगवान ईसरा राजा और माता गौरी रानी की पूजा अर्चना कर विधिपूर्वक लोगों द्वारा बाजे गाजे के साथ जल विसर्जित किया गया। वहीं महिला और पुरूष एवं बुजुर्ग तथा बच्चे भी शामिल रहे। ईसरा राजा और गौरी रानी की मान्यता छत्तीसगढी पारंपरिक मान्यता अनुसार मानक मेरावी एवं देवनाथ नेताम ने बताया कि दिपावली के एक दिन पहले गांव के लोगों द्वारा भगवान ईसरा राजा और माता गौरी रानी की मिट्टी लाने के लिए किसी उचित स्थान में जाकर पूजा अर्चना कर बाजे गाजे के साथ लाया जाता है। गायों को भी खिलाया जाता है अनेकों व्यंजन छत्तीसगढी परंपरा अनुसार गांवों के किसानों द्वारा अपने घर के सामने गोवर्धन भगवान की प्रतिक चिन्ह बनाकर गायों की सिंगों को अलग-अलग कलरों में साज सज्जा से सुषोभित किया गया और गायों की पूजा अर्चना कर पांच प्रकार के व्यंजनों का पकवान बनाकर खिलाया गया। वहीं शाम के समय यादवों द्वारा गोवर्धन पूजा का भी आयोजन किया गया। जिसमें गांवों के लोगों ने एकत्रित होकर बाजे गाजे के साथ नृत्य किया गया। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में महिला पुरूष शामिल रहे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### दोस्त के परिजनों की डांट से नाराज युवक ने की मारपीट

**बालोद।** अपने दोस्त को उनके परिजनों द्वारा डांटना युवक को नागवार गुजरा और उसने दोस्त के परिजनों की पीटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई हैं। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया है। ग्राम गहिरा नवागांव थाना देवरी निवासी शोभित राम बढई ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर के दोपहर करीबन 03:30 बजे अपने घर के बाहर मैं अपने भतीजा जितेन्द्र कुमार बढई को हम लोगो को बिना पुछे विशाखापट्टनम के घर को क्यों गिरवी रख दिये हो, कहकर मेरा बडा भाई खिलू राम बढई व मैं दोनो समझा रहे थे, उसी दौरान गांव के टिकेश्वर नायक द्वारा मेरे घर के सामने स्कूल के पास आकर मेरे दोस्त जितेन्द्र कुमार बढई को क्यों चमका रहे हो कहकर गाली गलौज कर बांस के डण्डा से एवं हांथ मुक्का से मारपीट किया है।

### दो लोगों ने एक व्यक्ति से की मारपीट, पीड़ित ने दर्ज कराई शिकायत

**बालोद।** दो लोगो ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने गाली गलौज व मारपीट करने वाले दो व्यक्तियो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रेवती नवागांव निवासी खिलावन साहू ने पुलिस को बताया कि 21 अक्टूबर को हमारे गांव के राकेश पटेल व मोहन निषाद मेरे साथ लडाई झगडा किये थे, 22 अक्टूबर को शाम करीबन 06 बजे कलामंच के पास शीतला पारा में राकेश पटेल व मोहन निषाद बैठे थे, जिसके पास जाकर मै पूछा मेरे साथ लडाई झगडा क्यो किये हो, कहने पर दोनो फिर मुझे गाली गलौच कर धमकी देते हुए मेरे गले को दबा कर एवं कनपटी में थप्पड मारे। जिसके बाद मेरे बडे भाई कुलेश्वर साहू मुझे पकडकर घर ले गये। शाम करीबन 07.00 बजे मोहन निषाद के घर के पास जाकर मोहन निषाद को मुझे क्यो मारपीट किये पूछने पर मोहन निषाद मुझे गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया है मारपीट से मेरे गले में चोट लगा है एवं बाया कान में दर्द हो रहा है। घटना को पंकज पटेल व पप्पू नागवंशी ने देखे सुने है।

### मां भरारीपाठ मंदिर में शनिवार को लगेगा मेला

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम बोरगहन (फुण्डा) स्थित मां भरारीपाठ मंदिर प्रांगण मे दीपावली त्यौहार पश्चात शनिवार 25 अक्टूबर को मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है। साथ ही दोपहर 3 बजे से पूजा के फूल रामधुनी मंडली ग्राम भटगांव की प्रस्तुती भी मंदिर प्रांगण मे होगी। उक्त जानकारी संतराम चंद्राकर पूर्व सरपंच ने दी।

## निधन

### ज्ञान दास गेंड्रे

**बालोद।** ग्राम कमरौद निवासी पूर्व  उपसरपंच एवं पूर्व अध्यक्ष सतनामी समाज ज्ञान दास गेंड्रे का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम कमरौद स्थित समाधि मे किया गया। वे सुदामा गेंन्द्रे, टी शेखर, देवानंद के पिता थे।

---

### उत्कर्ष कर्मचारी संघ और ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

# देवरीक में महिला सशक्तिकरण व सम्मान समारोह सेवानिवृत्त कर्मचारियों व छात्राओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुण्डरदेही

ग्राम देवरी क मे उत्कर्ष कर्मचारी संघ एवं समस्त ग्राम वासियों के तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण, प्रतिभा एवं सेवानिवृत कर्मचारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन सरपंच नुज कुमारी देशमुख द्वारा कर किया गया। तत्पश्चात रस्सा कस्सी, थाली झपटा, आलू दौड़, कुसएँ दौड़, चम्मच गोली, मटका फोड जैसे रोचक खेलों का आयोजन हुआ।

जिसमें महिलाओं ने बढ़–कर कर भाग लिया। संध्याकालीन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों का स्वागत एवं उत्कर्ष कर्मचारी संघ के सदस्यों का बैंच लगाकर किया गया। देवानंद टंडन द्वारा उत्कर्ष कर्मचारी संघ के गठन एवं उद्देश्यों को बताया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत कर्मचारियों का प्रतीक चिन्ह एवं शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। भूतपूर्व सैनिक अश्विनी कुमार, देशमुख, देवेंद्र साहू एवं अशोक राज का सम्मान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा बारहवीं ,दसवीं, आठवीं ,पांचवी के छात्रें का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया।



#### इनका रहा विशेष सहयोग

कार्यक्रम में भरोसी लाल साहू, लहूरमन देशमुख, कमलेश साहू, पुखराज देशमुख, तोमन देशमुख, निपेंद्र ठाकुर, मीणा देशमुख, सुमन चंद्राकर, दीपक साहू, नेहरू राज, नीता साहू, प्रमोद साहू, हिर्मेंद्र साहू, देव कुमार साहू, विमल साहू, जयपाल साहू, पेमन देशमुख, प्रेमी मानिकपुरी, कीर्ति साहु भूपेंद्र देशमुख हरिशंकर चंद्राकर का सहयोग रहा।

#### बहनों एवं माताओं को किया सम्मानित

कला एवं खेलों के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बहनों एवं माताओ का स्मृति चिन्ह और नगद राशि से सम्मान किया गया। कार्यक्रम मे शामिल मुख्य अतिथि विधायक कुंवर सिंह निषाद ने कहा उत्कृष्ट कर्मचारी संघ का गठन एवं उनके उद्देश्य बहुत ही सराहनीय है इस प्रकार का प्रयास सभी गांवो में किया जाना चाहिए जिससे कि गांव का सर्वांगीण विकास हो सके। विशिष्ट अतिथि सभापति गुलशन साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा महिलाओं को आगे लाने के लिए खेलों का आयोजन बहुत ही महत्वपूर्ण है इस कार्य से महिलाओं में साहस एवं उत्साह का संचार होता है। कार्यक्रम का संचालन पिंगला साहू एवं ढाल सिंह राज ने किया।

### पूजन समिति ने की मां लक्ष्मी के विग्रह की स्थापना



**बालोद।** दिव्य ज्योति मां लक्ष्मी पूजन समिति ईमली बूटी शिकारी पारा बालोद द्वारा मां लक्ष्मी की प्रतिमा का स्थापना किया गया है। जिसमें संरक्षक पूर्व पार्षद वार्ड 18 अनिल यादव, नंद, डॉ दिलीप सोनवानी, रोहित साहू, पदाधिकारीयो में अध्यक्ष ताम्रध्वज यादव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सोनकर, सचिव बलराम सोनकर, सदस्य मूलचंद साहू, जीतू कौशल, सीता राम, शेष राम सोनकर, किशन सोनकर, राजेंद्र पूरी गोस्वामी, हितेश साहू, राजेंद्र यादव, शिशुपाल साहू के साथ शिवकृपा महिला मानस मंडली का विशेष सहयोग है।

### भरदा में धूमधाम से मनाई गई गोवर्धन पूजा



**गुरूर।** ग्राम भरदा मे गोवर्धन पूजा के अवसर पर सुबह गायो को नहलाकर घरो मे खेतो मे मिलने वाले मेमरी, सिलहोटी व धान की नई बालियो से गोबर को सजाकर गोवर्धन पर्वत बनाकर घरो के गायो को खुंदवाकर घर के खाट मे नए पटका बिछाकर घरो मे बने कुम्हड़ा कोचई व अन्य पकवानो का खिचड़ी बनाकर गायो को खिलाया गया। जिसमे परिजन भी गायो के साथ प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण करते दिखे।

---

## ग्रामीण सहयोग से शीतला माता मंदिर में बनी ‘ज्योति कक्षा’, भाई दूज पर हुआ दानदाताओं का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद/सिकोसा

सलोनी में ग्रामीण व, जन सहयोग से शीतला माता मंदिर में ज्योति कक्षा का निर्माण हुआ जिसमें गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख नाड़ी बैद व समाजसेवी राजेश कुमार के द्वारा निर्माण में राशि दी गई थी। जिसमे ज्योति कक्षा बनने पर ग्रामीणों ने मिलकर एक सम्मान समारोह का आयोजन भाई दूज के उपलक्ष में रखकर दानदाताओं का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर नाड़ी बैद गुरुदेव ने कहा मनुष्य जीवन मिला है इनका उपयोग मिलजुल कर ऐसा कार्य करें जिससे जन कल्याण हो एक दूसरे का सहयोग करें किसी भी प्रकार का भेदभाव अपने जीवन में ना रखें उन्होंने जो सम्मान राजेश कुमार सिन्हा समाजसेवी के द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख मंच के माध्यम से किया और समस्त ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किये। इस अवसर पर ठालसिंह साहू, पूर्व सरपंच गजाधर सिन्हा डोमन ठाकुर सरपंच प्रतिनिधि लेखनाथ साहू, ग्रामीण कोषाध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष भूपत सिन्हा, रोशन सिन्हा, पूर्व सरपंच टामेश्वर सिन्हा एवं कर्मचारी, ग्रामीण माताएं बहने अधिक संख्या में उपस्थित थे।

## नेवारीकला में माइक के विवाद पर दो पक्षों में झगड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

■ दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज की मुकदमेबाजी

ग्राम नेवारीकला मे दो पक्षें मे मारपीट हो गई, दोनो पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने दोनो पक्षों को खिलाफ मामला कायम कर लिया है।

निवासी मुकेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को रात्रि करीबन 08 बजे को हमारे गांव के गोवर्धन पूजा कार्यक्रम देखकर अपने साथी गितेश कुमार यादव, आकाश विश्वकर्मा के साथ बीच गली झंडा चौक मे खडे थे तभी सौरभ कुम्भकार हमारे पास आकर माईक बहुत अधिक आवाज में बजा रहे हो आवाज कम करो कहने लगा, जिन्हे हम लोगो ने कहा उतना अधिक आवाज में नही चला रहे है, इस पर सौरभ ने गाली गलौच कर मेरे गले को पकड लिया, जिसे गितेश यादव एवं मेरा भाई आकाश विश्वकर्मा ने बीच बचाव किये, तभी सौरभ कुम्भकार के परिवार वाले लोचन कुम्भकार, दीपेश कुम्भकार एवं यमन कुम्भकार आकर सभी मिलकर मुझे, गितेश कुमार यादव एवं मेरे भाई आकाश विश्वकर्मा को गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किये है, पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम नेवारीकला निवासी यमन कुमार ने पुलिस को बताया कि हमारे घर के पास झंडा चौक ग्राम नेवारीकला में लक्ष्मी मूर्ति स्थापना किये है।

22 अक्टूबर के रात्रि करीबन 09 बजे मेरी मां रेवती बाई हमारे दुसरे घर से हम लोग जिस घर में रहते है वहां आ रहे थे तभी लक्ष्मी मूर्ति स्थापना के स्थान पर बहुत अधिक आवाज में माईक बज रहा था, जिसे मेरी मां आकाश विश्वकर्मा को माईक का आवाज कम करने बोली तो आकाश विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, गितेश यादव ने मिलकर हम लोग माईक बजा रहे है तुम्हे क्या करना है कहकर मेरी मां को गाली गलौच कर दाहिने हाथ को पकडकर मरोड दिये, तभी मेरे पिता जी व मै भी पहुचे तब हम लोगो ने गाली गलौज का कारण पुछा इस पर आकाश विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा, गितेश यादव सभी गाली गलौच कर धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किये मारपीट किए। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## जन्मदिन समारोह में गांव के युवकों ने किया हमला

■ मोटरसाइकिल रोककर गाली-गलौज और मारपीट की गई

**बालोद।** जन्मदिन मे शामिल होने आ रहे युवको को गांव के ही कुछ युवको ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने गाली गलौज व मारपीट करने वाले युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम पोण्डी निवासी तेजप्रकाश साहू ने पुलिस को बताया कि अपने पत्नी एवं बच्चो के साथ झलमला में किराये के मकान पर रहता हूं। 22 अक्टूबर को मेरी बेटी धारवी साहू की जन्मदिन पर झलमला में कार्यक्रम रखा था। कार्यक्रम में शामिल होने मेरे साथी पोण्डी निवासी खेमराज एवं रेखलाल मोटर साइकिल से झलमला आ रहे थे, रात्रि करीबन 09.30 बजे झलमला पुलिया धमतरी रोड के पास साहिल अपने साथियो के साथ खेमराज एवं रेखलाल की मोटर सायकल को अचानक रास्ता में रोककर सभी ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे, जहां से खेमराज एवं रेखलाल दोनो बच कर अपने मोटर सायकल से हमारे किराये के मकान के पास पहुचे, जिनके पीछे साहिल अपने साथियो के साथ आकर रेखलाल एवं खेमराज को गाली गलौज कर मारपीट करने लगे जिसे सुनकर मै बाहर निकल कर बीच बचाव करने लगा तो साहिल ने अपने पास लोहे के हथियार से मेरे सिर में मारा है।

### गोवर्धन पूजा की रात चाकू से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

**बालोद।** गोवर्धन पूजा की रात पुरानी रंजीश को लेकर ग्राम के ही एक युवक ने ग्राम के एक अन्य युवक को चाकू से हमला कर दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार उक्त मामला बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा (ज) का बताया जा रहा है, जहां गोवर्धन पूजा की रात गांव के दो युवको मे पुरानी रंजीश को लेकर वाद विवाद शुरू हुआ, जिसके बाद बाद दोनो के बीच वाद विवाद इतना बढ़ा कि ग्राम के शिवकुमार साहू पिता जेठूराम साहू 39 वर्ष पर डोमेन्द्र कुमार साहू पिता मेघ नाथ साहू ने चाकू से हमला कर दिया। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगो ने आनन फानन में घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां घायल युवक का ईलाज जारी है। वही मामले की जानकारी होते ही बालोद पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

---

## उधारी को लेकर दो युवकों ने की मारपीट


**बालोद।** पूर्व मे लिए उधारी पैसे की मांग को लेकर दो युवको ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम भरदा (ट) थाना देवरी निवासी डोमन देवांगन ने पुलिस को बताया कि 21 अक्टूबर को गांव के संजय यादव के साथ पडोस के गांव टटेंगा गया था, शाम करीबन 05:30 बजे ग्राम टटेंगा औंरी रोड तालाब के पास में ग्राम भरदा(ट) निवासी राकेश निर्मलकर पिता नंदलाल निर्मलकर 26 वर्ष, कुलेश्वर यादव पिता केशव यादव 26 वर्ष ने मुझे पूर्व में लिये उधारी पैसा को मांगने की बात को लेकर गालियां देकर धमकी देते हुये मुझे हांथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिरा दिया जिससे मुझे सिर व मस्तक में चोंटे आया है। खून निकला है। घटना को देख सुनकर गांव के संजय यादव बीच बचाव करने आये तो उसे भी ग्राम भरदा(ट) निवासी राकेश निर्मलकर 26 वर्ष, कुलेश्वर यादव 26 वर्ष ने हांथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिरा दिया।

## सीवरेज का गंदा पानी जा रहा तालाब में, इसमें अर्घ्य देंगी छठ व्रतधारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

दो दिन बाद 25 अक्टूबर को छठी माता का पर्व है। 28 अक्टूबर को वृतधारी महिलाएं उगते सूर्य को अर्ध्य देंगी। हर साल की तरह इस बार भी वार्ड 22 कुरुद स्थित नकटा तालाब में सैकड़ों की संख्या में वेदियां तैयार की गई है, लेकिन यहां महिलाओं को सीवरेज मिले गंदे पानी के जल में अर्ध्य देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

आपको भिलाई नगर निगम क्षेत्र में स्थित कुरुद नकटा तालाब, वैकुंठ धाम तालाब और सेक्टर 2 का तालाब छठ पर्व के लिए प्रसिद्ध हैं। यहां हजारों की संख्या में छठ पर्व मनाने लोग आते हैं। पूरे विधि विधान से वेदी की पूजा करने के लिए उगते सूर्य को अर्ध्य देतीं हैं। इस त्योहार से पहले निगम सभी तलाबों की साफ सफाई और प्रकाश व्यवस्था करता है। इस सबके बीच कुरुद का नकटा तालाब निगम की अनदेखी की भेंट चढ़ रहा है। इस तालाब को पहले तो मूर्ति विसर्जन के लिए खोल दिया गया और उसके बाद पानी के अंदर से प्रतिमाओं के अवशेष को नहीं निकाला गया। इसके साथ ही इस तालाब में नाली और सीवरेज टैंक का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी निगम इस अव्यवस्था को ठीक नहीं कर पाया है। इससे लोगों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि ये आस्था के साथ सीधा खिलवाड़ है। लोगों का कहना है कि निगम को चाहिए कि सीवरेज के पानी को नाली के जरिए दूसरी जगह डाले, लेकिन यहां ये पानी सीधे तालाब में छोड़ा जा रहा है। हालत यह है कि तालाब के पानी से बदबू आने लगी है। यदि इस पानी में कोई नहाएगा तो कई तरह की बीमारियां होने का भी अंदेशा है।



#### अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा कुरुद का नकटा तालाब

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद भी कुरुद नकटा तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा है। यहां पिछले साल निगम ने तालाब की मेड़ पर हुए अतिक्रमण को हटाया था। लोगों को प्रधानमंत्री आवास भी दिया, लेकिन उन्हीं लोगों ने फिर से उस जगह पर अपनी झोपड़ी बना डाली है और तो और वहां पक्का निर्माण भी कर रहो हैं। इसके अलावा कई अन्य लोग भी अपने घरों की बाउंड्री को तालाब की मेड़ के ऊपर ले जाकर बना रहे हैं।

#### सफाई के नाम पर खानापूर्ति

निगम ने छठ के नाम पर तालाब की साफ सफाई तो की है, लेकिन सिर्फ खानापूर्ति के लिए। अभी भी तालाब में चारों तरफ कचरा बह रहा है। पानी से बदबू आ रही है और दुर्गा व गणेश प्रतिमाओं के अवशेष भी इस पानी में तैर रहे हैं। सही समय पर साफ- सफाई न किया जाने से तालाब का पानी काफी संक्रमित हो गया है। यह तालाब लोगों की निस्तारी का प्रमुख माध्यम है।

#### खतरों के बीच होगी छठ पूजा

कुरुद नकटा तालाब के ऊपर से मिट्टी, रेत और मुरुम से भरे ट्रक आना-जाना करते हैं। ऐसे में यहां बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसमें कीचड़ और पानी का भराव है। निगम के अधिकारियों ने ना तो यहां मुरुम डालकर कोई लेवलिंग की है और ना अन्य व्यवस्था। ऐसे में यहां भीड़ के बीच व्रतधारी महिलाएं और उनके परिवार गिरकर चोटहिल हो सकते हैं।

---

### लोक-तिहार छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी सार्वजनिक लक्ष्मी उत्सव समिति व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 24 अक्टूबर के रात्रि कालीन 10 बजे लोक-तिहार छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था छुरिया, राजनांदगांव (छग) वाले की प्रस्तुति दी जायेगी, यह जानकारी उपसरपंच भूषण लाल देशमुख व समस्त समिति के सदस्य गण ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### संयुक्त परिवार की परंपरा और संस्कारों का हुआ जीवंत प्रदर्शन

# ओदरागहन में मनाया गया दीपावली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर

■ 100 से अधिक सदस्य पहुंचे, खेल, नुक्कड़ प्रहसन और प्रश्न मंच बने आकर्षण

ओदरागहन में जम्बो रंगारंग दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया। जिसमें लगभग 100 सदस्य जामगांव आर, बटरेल, गुण्डरदेही, भिलाई, बालोद, राजनांदगांव, पैरी से बाल बच्चे सहित पहुंचे और विविध खेल नुक्कड़ प्रहसन तात्कालिक प्रश्न मंच आदि का मंचन कर समारोह को यादगार बनाने में कामयाब रहे। प्रेमचंद चौरड़िया ने बताया कि होली और दीपावली का पर्व बारी बारी से चयनित सदस्य निवास स्थान पर ही मनाते है।



इसके पूर्व वर्षों में जामगांव आर बटरेल ओदरागहन में समारोह मनाए जा चुके है। सर्किल चलते रहती है। उल्लेखनीय है कि ओदरागहन की सरपंच सीनियर सिटीजन कुसुम चोरड़िया है इसके पहले पंचवर्षएँय में इनके पुत्र जिनेश चोरड़िया थे। संतोष चोरड़िया ने बताया कि डेढ़ साल की विरती और 85 साल के परिवार के वरिष्ठ पूर्व जनपद सदस्य हस्तीमल चौरड़िया समारोह को शोभायमान करते रहे। एकल परिवार में आनंद मृगतृष्णाई होती है।

#### संयुक्त परिवार में ही है जीवन का असली आनंद : गौतमचंद चौरड़िया

उम्र के 7 दशक पार कर चुके वरिष्ठ समाजसेवी गौतमचंद चौरड़िया ने बताया कि जीवन का असली आनंद संयुक्त परिवार में ही है। एकल परिवार तो आनंद तलाशने का मृगतृष्णाई प्रयास ही करता है और अंततः उन्हें ओ नहीं मिल पाती जिसकी तलाश में लोग एकल परिवार को महत्व देते है। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार तो संस्कार का खजाना है और इस खजाना से दूर रहकर कैसे रिश्तों में एकल परिवार संस्कार का प्रभाव डाल पाएंगे बड़ी चुनौती है। संयुक्त परिवार में पति पत्नी के बीच अपेक्षाकृत अधिक मधुर संबंध होते है। उन्होंने कहा कि परिवार का अंकुश जीवन उज्ज्वल राह दिखाती है संस्कारित मार्ग बताती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411